कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री रामकिशन पुत्र श्री रामजीलाल प्रजापत निवासी बावडीखेडा पोस्ट हिंगोटा तहसील मण्डावर जिला दौसा राज0

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी बांदीकुई जिला दौसा

अपील संख्या 70/2021

निर्णय दिनांक 12.10.2021

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी बांदीकुई जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वांछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी बांदीकुई जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/ सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी बांदीकुई जिला दौसा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी बांदीकुई जिला दौसा को इस कार्यालय के पत्र कमांकःडीएम कोर्ट/2021/1923 दिनांक 13.09.2021 एवं स्मरण पत्र कमांकः 2128 दिनांक 30.09.2021 द्वारा पत्र जारी कर प्रार्थी को वांछित नकल उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट चाही गई। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी बांदीकुई जिला दौसा द्वारा पत्र कमांकःन्याय/आरटीआई/2021/1938 दिनांक 22.09.2021 के द्वारा वस्तुस्थिति की सूचना इस कार्यालय को प्रेषित कर आवेदक को पृष्ठांकन प्रति प्रेषित की गई है। जिसके द्वारा अवगत कराया है कि आवेदक को चाही गई सूचना पत्र कमांकः849 दिनांक 24.8.2021 के द्वारा उपलब्ध करा दी गई है। इससे स्पष्ट है कि आवेदक को वांछित सूचना उपलब्ध कराई जा चुकी है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(पीयुष समारिया)
जिला कलक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर, दौसा